# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**

**Website- https://vyapam.cgstate.gov.in, https://vyapamaar.cgstate.gov.in/**


क्रमांक / व्यापम / परीक्षा / एफ–20 / 2024 / 1880 — रायपुर, दिनांक 03/09/24

## छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'द' भर्ती परीक्षा (THS) 2024 के प्रवेश पत्र के सम्बंध में विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा दिनांक **15-09-2024** (रविवार) को आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास नवा रायपुर (छ.ग.) के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'द' भर्ती परीक्षा **(THS24)** का आयोजन पूर्वान्ह में किया जावेगा । अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल में जाकर प्रवेश पत्र दिनांक ----03.09.2024---- से डाउनलोड कर सकते है।

इसके अलावा अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट **(vyapam.cgstate.gov.in)** एवं **(https://vyapamaar.cgstate.gov.in/)** एवं चिप्स की वेबसाइट **(http://cgstate.gov.in)** पर उपलब्ध लिंकों में से किसी भी एक लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज पर जा सकते हैं एवं वहां से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं । अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर **SMS** के माध्यम से एक संक्षिप्त यू.आर.एल. भी भेजा जावेगा। अभ्यर्थी इस यू.आर.एल. को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं ।

परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके । किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771–2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं ।

अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट अवश्य निकालें । यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में जावें । परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जावें । परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे –मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड / पासपोर्ट/विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र/ फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

नियंत्रक<br>
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल<br>
रायपुर

पृ.क्र./व्यापम/परीक्षा/एफ–20/2024 1881 — रायपुर, दिनांक 03/09/24

प्रतिलिपि–

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी, (चिप्स) स्टेट डाटा सेंटर, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित । कृपया इस सूचना को व्यापम की उक्त दोनों वेबसाइटों पर प्रदर्शित करने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करें साथ ही अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर SMS के माध्यम से एक संक्षिप्त यू.आर.एल. भी भेजने हेतु निर्देशित करें ।
2. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इंद्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, (छ.ग.) को सूचनार्थ सादर प्रेषित ।
3. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक –ए, ग्राउण्ड फ्लोर, अटल नगर, नवा रायपुर, जिला –रायपुर, (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं उक्तानुसार विभागीय कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित ।
4. वित्त अधिकारी, व्यापम, रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
5. सहायक नियंत्रक, स्केनिंग, व्यापम, रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
6. सहायक नियंत्रक, परीक्षा, व्यापम, रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
7. प्रधान संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र– कृपया उक्त विज्ञप्ति को परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

नियंत्रक<br>
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल<br>
रायपुर